
# बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा टिप्स



पॅन इंडिया

**साइबर वेलनेस हेल्पलाइन**

**७३५३१०७३५३**

info@responsiblenetism.org

www.responsiblenetism.org

# तक्या आपको लगता है की आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्सपर सुरक्षित हैं?

## ऑनलाइन मीडिया पर जिम्मेदारी से व्यवहार करने के लिए सुरक्षा टिप्स:

- आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए आयु सीमा को समझें
- सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म के गोपनीयता दिशानिर्देशों का पालन करें
- ऑनलाइन गेम चुनने से पहले **www.pegi.info** या **www.esrb.org** पर जाकर गेम की रेटिंग और सामग्री की जांच करें
- अज्ञात या असत्यापित स्रोतों से गेम या सामग्री डाउनलोड करने से बचें
- गेमिंग या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डराने-धमकाने वाली सामग्री की पहचान करना सीखें और आक्रामक रूप से साइबर-बुलिंग की रिपोर्ट दर्ज करें
- याद रखें की अवैध खेल खेलना या चुनौतियों को स्वीकार करना और ध्यान आकर्षित करने के लिए उनकी बड़ाई करना अच्छा नहीं है
- अफवाहें न फैलाएं, वे अधिक भय और नुकसान पहुँचाती हैं
- अपने आप को नियंत्रित करना सीखें और योजना बनाकर अपने स्क्रीन-टाइम को कम करें
- व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, पता, जन्म तिथि, संपर्क आदि कभी भी ऑनलाइन साझा न करें
- आपके द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा, मीम्स, वीडियो और आपके द्वारा पोस्ट की जाने वाली सामग्री के प्रति संवेदनशील रहें
- किसी आपत्तिजनक सामग्री के खिलाफ आवाज उठाएं। जो आपको अनुचित, असुविधाजनक लगता है उसका विरोध करें। "नहीं" कहने का साहस रखें
- किसी भी व्यक्ति, गेम्स या ऑनलाइन गतिविधि के कारण आपको भयभीत, असहज, डरावना, शर्मिंदा या परेशान महसूस नहीं होनी चाहिए
- जब आपको किसी के द्वारा "इसे वयस्क को न बताए" ऐसा कहा जाता है, तो आपको उस आपत्तिजनक घटना/मामले के बारे में अपने माता-पिता या शिक्षकों को अवश्य बताना चाहिए। उसे साझा करना ही बेहतर होगा
- याद रखें, सोशल मीडिया केवल 13+ उम्र के लोगों के लिए वैध है
- दूसरे के अकाउंट या वाईफाई को हैक करना, फर्जी अकाउंट बनाना साइबर अपराध हैं
- परेशान करने के इरादे से किसी का ऑनलाइन पीछा करना (स्टॉकिंग) एक साइबर अपराध है
- परेशान करने के इरादे से फोटो और वीडियो को मॉर्फ करने के लिए टूल का उपयोग करना भी एक साइबर अपराध है
- किसी से भी आपत्तिजनक/अनुचित चित्र/वीडियो (नग्न/अर्ध-नग्न) मांगना या साझा करना एक गंभीर साइबर अपराध है
- यदि आप अपने मित्र को ऑनलाइन खतरे के संकेतों का या खतरों का सामना करते हुए देखते हैं, तो उनकी मदद करें। दुर्व्यवहार रोकें, ब्लॉक करें और रिपोर्ट करें!

**खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश न करें, आपका जीवन मूल्यवान है, आप जैसे हैं वैसे ही आपके माता-पिता आपको प्यार करते हैं। किसी भरोसेमंद वयस्क या काउंसलर से संपर्क करें, अपनी भावनाओं के बारे में बात करें**

## सोशल मीडिया के लिए कानूनी उम्र:

| | |
|---|---|
| व्हाट्सअँप | १६ साल |
| इंस्टाग्राम | १३ साल |
| यूट्यूब | १३ साल |
| डिस्कॉर्ड | १३ साल |
| रेड्डीट | १३ साल |
| फेसबुक | १३ साल |
| स्नॅपचॅट | १३ साल |

## ऑनलाइन गेमिंग के नियम और दिशानिर्देश:

- बैंकिंग कार्ड लिंक न करें, पैसे से खेलने से बचें
- माता-पिता की सहमति के बिना कोई भी इन-गेम आइटम न खरीदें
- गेम खेलने से पहले गेम के नियमों को ध्यान से पढ़ें
- धमकियों के साथ किसी पर दबाव न डालें और इन-गेम ऑफ़र के प्रलोभन में न आएं
- सत्यापित करें की आप डिस्कॉर्ड पर किससे जुड़े हुए हैं
- सोशल मीडिया पर अजनबियों के साथ डिस्कॉर्ड लिंक शेयर न करें
- मल्टीप्लेयर गेम केवल उन्हीं लोगों के साथ खेलें जिन्हें आप जानते हैं। अजनबियों के साथ न खेलें और न ही उनसे जुड़े

## आयु के अनुसार ऑनलाइन गेम:

| | |
|---|---|
| ROBLOX | ७ साल |
| MINECRAFT | ७ साल |
| AMONG US | ९ साल |
| FREE FIRE | १२ साल |
| LEAGUE of LEGENDS | १२ साल |
| HEARTHSTONE HEROES of WARCRAFT | १२ साल |
| FORTNITE BATTLE ROYALE | १२ साल |
| FORTNITE | १२ साल |
| DOTA 2 | १३ साल |
| WORLD of WARCRAFT | १३ साल |
| PUBG | १६ साल |
| CS GO COUNTER-STRIKE GLOBAL OFFENSIVE | १६ साल |
| APEX LEGENDS | १६ साल |
| grand theft auto | १८ साल |
| CALL of DUTY WARZONE | १८ साल |
| TOM CLANCY'S RAINBOW SIX SIEGE | १८ साल |

रेटिंग ESRB आणि PEGI

## तकनीकी सुझाव:

- प्रत्येक ऐप, सोशल मीडिया प्रोफाइल के लिए गोपनीयता सेटिंग्स याने की प्रायव्हसी सेटिंग का पालन करें और अज्ञात व्यक्ति द्वारा पहुंच को रोकें
- अगर आपकी उम्र 13 साल से कम है, तो अपने डिफ़ॉल्ट ब्राउज़र के रूप में kiddle.com और YouTubeKids का इस्तेमाल करें
- प्रत्येक ऑनलाइन खाते के लिए अलग-अलग जटील पासवर्ड का उपयोग करें और उन्हें नियमित रूप से बदलें
- अधिकृत और अद्यतन एंटी-वायरस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करें
- अजनबियों के उपकरणों से या मुफ्त वाई-फाई से सोशल मीडिया खाते या बैंकिंग खाते खोलने से बचें
- हर बार अपने ऑनलाइन खातों से लॉग आउट करना याद रखें। जरूरत न होने पर वाई-फाई, ब्लूटूथ और जीपीएस बंद कर दें
- याद रखें की "https" वाले URL हमेशा सुरक्षित होते हैं। अनजान लिंक को ना खोलें। यूआरएल सत्यापित करें
- अपने डिवाइस पर केवल आवश्यक ऐप्स इंस्टॉल करें और इंस्टॉल करने से पहले उनके नियमों और शर्तों को ध्यान से पढ़ें
- किसी और को अपने ऑनलाइन खातों तक पहुँचने या इस्तेमाल करने की अनुमति न दें

## QR कोड स्कैन करें, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट करना सीखें:

**व्हाट्सअँप**
https://faq.whatsapp.com/408155796838822/?locale=en_US

**स्नॅपचॅट**
https://support.snapchat.com/en-US/a/report-abuse-in-app

**डिस्कॉर्ड**
https://discord.com/safety/360044103651-reporting-abusive-behavior-to-discord

**इंस्टाग्राम**
https://help.instagram.com/2922067214679225

**यूट्यूब**
https://support.google.com/youtube/answer/2802027?hl=en&co=GENIE.Platform%3DAndroid

**फेसबुक**
https://www.facebook.com/help/1380418588640631?helpref=hc_fnav

## महत्वपूर्ण संपर्क:

**राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन - १९३० | www.cybercrime.gov.in**


## रिस्पॉन्सिबल नेटिझम

**साइबर वेलनेस हेल्पलाइन ७३५३ १० ७३५३**

info@responsiblenetism.org | www.responsiblenetism.org


**आपात स्थिति में स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक या स्कूल काउंसलर से संपर्क करें**